जय श्री राम

वन्दे मातरम्

इन्द्रप्रस्थ
# विश्व हिन्दू परिषद (पंजी.) दिल्ली प्रांत

INDRAPRASTHA
VISHWA HINDU PARISHAD (Regd.) DELHI PRANT

द्वितीय तल, झण्डेवाला देवी मंदिर, नई दिल्ली–110055

दूरभाष – 011 41749005 Email : vhpindraprastha@gmail.com vhpindraprastha

प्रांत अध्यक्ष
कपिल खन्ना

प्रांत उपाध्यक्ष
उपासना अरोड़ा
राम निवास गुप्ता
राजीव साहनी

प्रांत मंत्री
सुरेन्द्र कुमार गुप्ता

प्रांत सह मंत्री
अशोक कुमार गुप्ता
सुनील सूरी

प्रांत कोषाध्यक्ष
सुभाष चन्द्र सुनेजा

क्रमांक विहिप / 1091 / 25 दिनांक : 03.09.2025

**सेवा में,**

**श्री आशीष सूद जी**
माननीय गृह मंत्री
दिल्ली सरकार,
नई दिल्ली

**विषय : वजीराबाद क्षेत्र की बाढ़ प्रभावित हिंदू बस्ती हेतु अस्थाई शिविरों की व्यवस्था करने के संबंध में।**

**महोदय,**

सविनय निवेदन है कि वजीराबाद पुल के पास स्थित हिंदू बस्ती, जहाँ पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए लगभग 800 से 1000 हिंदू परिवार निवास कर रहे हैं, वर्तमान में यमुना में बाढ़ आने के कारण भीषण संकट से जूझ रहे हैं। इन परिवारों का संपूर्ण जीवन–यापन अस्त–व्यस्त हो चुका है।

माननीय मंत्री जी, दिल्ली में आपके अब तक के कार्यकाल के दौरान जनता की सुरक्षा, प्रशासनिक दक्षता और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित राहत पहुँचाने की आपकी कार्यशैली प्रशंसनीय रही है। यही अपेक्षा इस समय भी समाज के इन विस्थापित और पीड़ित परिवारों को आपसे है।

अतः निवेदन है कि –

1. इन परिवारों के लिए तत्काल अस्थाई शिविरों की व्यवस्था की जाए।
2. शिविरों में राशन, वस्त्र, बिस्तर, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।
3. प्रशासनिक स्तर पर निरंतर निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पीड़ित परिवार सहायता से वंचित न रह सके।

आपकी करुणामयी दृष्टि और त्वरित हस्तक्षेप से इन विस्थापित हिंदू परिवारों के जीवन में निश्चित ही नई आशा का संचार होगा।

धन्यवाद।

भवदीय

**(सुरेन्द्र कुमार गुप्ता)**
प्रांत मंत्री
**9891081117**